


विधायक भगवानदास सबनानी ने राजधानी में रविवार को हिंदी भवन में प्रजापति कुम्भकार संघ द्वारा आयोजित युवक-युवती परिचय सम्मेलन में सम्मिलित होकर संबोधित किया।

# आवासीय मकानों में दुकानें संचालित करने वालों पर हाउसिंग बोर्ड सख्त

## तीन नोटिस के बाद लीज निरस्तीकरण की चेतावनी, नियमों के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड ने आवासीय मकानों में व्यावसायिक गतिविधियां संचालित करने वालों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि आवासीय उपयोग के लिए आवंटित मकानों में दुकान, शोरूम या अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान संचालित करना नियमों के विरुद्ध है और ऐसे मामलों में कार्रवाई की जाएगी।

हाउसिंग बोर्ड ने संबंधित मकान मालिकों को चेतावनी दी है कि नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर पहले तीन चरणों में नोटिस जारी किए जाएंगे। इसके बाद भी यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर व्यावसायिक गतिविधियां बंद नहीं की गईं तो संबंधित संपत्ति की लीज निरस्त करने सहित अन्य वैधानिक कार्रवाई की जा सकती है। मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष ओम जैन ने कहा कि वर्तमान स्थिति में कई आवासीय मकानों को पूरी तरह व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में बदल दिया गया है, जिससे कॉलोनियों का मूल स्वरूप प्रभावित हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि जहां नगर एवं ग्राम निवेश विभाग (टीएंडसीपी) ने कुछ प्रमुख सड़कों के किनारे स्थित भूखंडों को व्यावसायिक उपयोग की अनुमति दी है, वहां नियमों के अनुरूप समाधान तलाशने की आवश्यकता है।

उन्होंने संकेत दिया कि इस विषय को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के समक्ष रखा जाएगा, ताकि नीति स्तर पर कोई स्थायी व्यवस्था बनाई जा सके।

उनका सुझाव है कि जहां व्यावसायिक गतिविधियां वैध रूप से संचालित की जा सकती हैं, वहां आवश्यक शुल्क और कर लेकर उन्हें नियमित करने पर विचार किया जा सकता है। हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों के अनुसार, कॉलोनियों के निर्माण के समय टीएंडसीपी द्वारा स्वीकृत नक्शों में आवासीय, शैक्षणिक, उद्यान और व्यावसायिक क्षेत्रों का स्पष्ट निर्धारण किया गया था। आवासीय क्षेत्रों में अनधिकृत व्यवसाय संचालन से स्वीकृत मास्टर प्लान और भूमि उपयोग नियमों का उल्लंघन होता है। अधिकारियों का कहना है कि यदि ऐसे मामलों पर कार्रवाई नहीं की गई तो स्वयं हाउसिंग बोर्ड भी नियामकीय एजेंसियों की कार्रवाई के दायरे में आ सकता है। इसी कारण बोर्ड ने नियमों के सख्त अनुपालन का निर्णय लिया है।

## खास खबरें

### एक दिन में 5 अपराध, बाइक चोरी से पुलिस की बढ़ी चुनौती

**नप्र, भोपालः** अशोकागार्डन थाना क्षेत्र में रविवार को अपराध के 5 मामले दर्ज हुए। हीरो कंपनी की बाइक एमपी40 एमएस 4557 चोरी हो गई। अज्ञात चोरों पर केस दर्ज कर तलाश शुरू की गई। इसके अलावा सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने के 4 मामलों में पुलिस ने आरोपियों पर कार्रवाई की। थाना पुलिस का कहना है कि गश्त बढ़ाकर चोरी और असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाया जाएगा।

### स्कूटी चोरी कर फरार हुआ बदमाश

शाहपुरा थाना क्षेत्र से स्कूटी चोरी का मामला सामने आया है। फरियादिया संध्या जायसवाल की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर केस दर्ज किया। जांच अधिकारी धीरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द आरोपी की पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी।

### बुलट चोरी और मारपीट से क्षेत्र में हलचल

गोविंदपुरा थाना क्षेत्र में बुलट बाइक चोरी होने के साथ मारपीट-गालीगलौज के दो मामले दर्ज हुए हैं। वाहन चोरी पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण कायम किया गया। वहीं मारपीट के मामलों में कुछ आरोपी नामजद हैं। जांच अधिकारी सउदन कुम्हरे सभी पक्षों के बयान दर्ज कर जांच कर रहे हैं।

### 18 क्विंटल देशी शराब जब्त, लाखों का माल बरामद

कजलीखेड़ा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 18 क्विंटल अवैध देशी शराब बरामद की। छापेमारी में आरोपी मुन्नालाल असहरवार को चिन्हित कर आबकारी अधिनियम में केस दर्ज किया गया। जब्त शराब की कीमत लाखों में बताई जा रही है। पुलिस शराब के स्रोत और खपाने की जगह का पता लगा रही है।

### खुलेआम शराब पीते दो युवक गिरफ्तार

टीटीनगर पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने के दो मामलों में कार्रवाई की। गश्त के दौरान अतुल वर्मा और विनोद शंकर को खुलेआम शराब पीते पकड़ा गया। दोनों पर संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस ने नागरिकों से कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की।

### शराबखोरी पर पुलिस की सख्ती

श्यामला हिल्स में राजेश कछाव और हनुमानगंज में रघुवंशकर व इमरान को सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते पकड़ा गया। तीनों आरोपियों पर केस दर्ज कर कार्रवाई की गई। पुलिस का कहना है कि सार्वजनिक स्थलों पर शराब सेवन के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

### मारपीट, धमकी और शराब खोरी के 4 केस दर्ज

छोला मंदिर थाना क्षेत्र में रविवार को 4 मामले दर्ज हुए। इनमें सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने के 2 और मारपीट-धमकी के 2 केस शामिल हैं। जांच अधिकारी सउदन सिंह और सज्जन सिंह मामलों की जांच कर रहे हैं। पुलिस साक्ष्य जुटाने में लगी है।

### 35 वर्षीय कमल सिंह लापता गुमशुदगी दर्ज

भोपाल। मिसरोद थाना क्षेत्र से 35 वर्षीय कमल सिंह लापता हो गए। भाई मोहन सिंह ठाकुर की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू की। आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ और तलाश अभियान चलाया जा रहा है।

### व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी

बिलखिरिया थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मर्ग कायम कर मौत के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। रिपोर्ट के बाद आगे कार्रवाई होगी।

## विश्व रक्तदाता दिवस पर रेडक्रॉस ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर

**नप्र, भोपालः** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी मध्यप्रदेश राज्य शाखा द्वारा संचालित रेडक्रॉस ब्लड बैंक, शिवाजी नगर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 13 लोगों ने रक्तदान कर मानवता की सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व का संदेश दिया। इस अवसर पर रेडक्रॉस राज्य शाखा के जनरल सेक्रेटरी रामेन्द्र सिंह ने कहा कि विश्व रक्तदाता दिवस प्रत्येक वर्ष 14 जून को उन स्वैच्छिक रक्तदाताओं के सम्मान में मनाया जाता है, जो निस्वार्थ भाव से रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों के जीवन की रक्षा में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जिला रेडक्रॉस केंद्रों में भी रक्तदान शिविरों और जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों, युवाओं और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से स्वैच्छिक रक्तदान की भावना को मजबूती मिल रही है। रक्तदान केवल एक सामाजिक कार्य नहीं, बल्कि किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन देने का माध्यम भी है।

## तकनीक के दम पर आरपीएफ की बड़ी सफलता

# तीन गैर-जमानती वारंटों का किया निष्पादन

### आईसीजेएस प्रणाली की मदद से बदला हुलिया, पता और नाम छिपाने वाले आरोपियों को भी दबोचा

**नप्र, भोपालः** पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने आधुनिक तकनीक का प्रभावी उपयोग करते हुए गैर-जमानती वारंटों के निष्पादन में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। इंटरऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम (आईसीजेएस) की सहायता से आरपीएफ ने ऐसे आरोपियों को भी गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की, जो हुलिया, पता अथवा नाम बदलकर कानून की पकड़ से बचने का प्रयास कर रहे थे।

वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त डॉ. अभिषेक के मार्गदर्शन तथा निरीक्षक मनीष कुमार और उप निरीक्षक प्रकाश रघुवंशी के नेतृत्व में आरपीएफ पोस्ट भोपाल ने तीन महत्वपूर्ण गैर-जमानती वारंटों का सफल निष्पादन किया। आईसीजेएस गृह मंत्रालय और राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की एकीकृत डिजिटल प्रणाली है, जिसके माध्यम से पुलिस, न्यायालय, जेल और अभियोजन से जुड़े रिकॉर्ड एक मंच पर उपलब्ध होते हैं। इससे आरोपियों के अद्यतन फोटो, वर्तमान पता, आपराधिक इतिहास और अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां तत्काल प्राप्त की जा सकती हैं। आरपीएफ के अनुसार अपराध क्रमांक 26/2015 में वांछित आरोपी पप्पू उर्फ मुन्ना ने अपना हुलिया बदल लिया था। आईसीजेएस के माध्यम से प्राप्त नवीनतम फोटो और रिकॉर्ड के आधार पर उसकी पहचान सुनिश्चित की गई और 21 अप्रैल 2026 को सुखी सेवनिया क्षेत्र के बालमपुर स्थित चंद्रा ढाबा से उसे गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार अपराध क्रमांक 05/2022 में आरोपी आबिद अली का पुराना पता बदल चुका था। डिजिटल रिकॉर्ड से नया पता प्राप्त होने के बाद स्थानीय पुलिस के सहयोग से 2 अप्रैल 2026 को उसे गिरफ्तार किया गया।

## छोटे तालाब में डूबने से 15 वर्षीय किशोर की मौत

**नप्र, भोपालः** राजधानी भोपाल के जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित छोटे तालाब में डूबने से 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में शोक का माहौल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जहांगीराबाद क्षेत्र की बड़ी वाली मस्जिद के पास रहने वाला 15 वर्षीय अनस कुरैशी, पुत्र सोहेल कुरैशी, शनिवार शाम अपनी मां के साथ घूमने के लिए निकला था। परिजनों के मुताबिक अनस मुखबधिर था और उसने अपनी मां से पार्क जाने की जिद की थी। इसके बाद उसकी मां उसे लिली टॉकीज के समीप स्थित पार्क लेकर पहुंची। मां पार्क में बैठी हुई थी, जबकि अनस छोटे तालाब के किनारे पहुंच गया और नहाने के लिए पानी में उतर गया। इसी दौरान वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। बेटे को पानी में संघर्ष करते देख मां ने शोर मचाकर मदद की गुहार लगाई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर किशोर को पानी से बाहर निकाला। उस समय उसकी सांसें चल रही थीं। परिजन और स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां देर रात इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर विशाल रक्तदान शिविर आयोजित



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर राजधानी में अर्श वूमेन एंड एनवायरनमेंट वेलफेयर एसोसिएशन, भोपाल बाइसिकल राइडर्स ग्रुप और सागर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।

सागर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल परिसर में आयोजित इस शिविर का उद्देश्य रक्तदान के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना और जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना था।

शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं, साइकिल चालकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। तीनों संस्थाओं की इस संयुक्त पहल को स्थानीय नागरिकों का भी भरपूर सहयोग मिला। आयोजन के दौरान अर्श वूमेन एंड एनवायरनमेंट वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से अमित दास, मानव अग्निहोत्री, मुकेश बहुती और जगदीश पवार विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए समाजहित में रक्तदान को महादान बताया और अधिक से अधिक लोगों से नियमित रक्तदान करने की अपील की।

## नागौद राजघराना गोलीकांड में नया मोड़, बाबा राजा ने फायरिंग को बताया आत्मरक्षा का प्रयास

**नप्र, भोपालः** सतना जिले के नागौद राजघराने की परसमनिया गढ़ी में 11 जून को हुए चर्चित गोलीकांड मामले में नया मोड़ सामने आया है। घटना के बाद पहली बार मीडिया के सामने आए रुपेंद्र सिंह ने पूरे घटनाक्रम को लेकर अपनी सफाई दी और कई महत्वपूर्ण दावे किए। बाबा राजा ने कहा कि सुनीता सिंह उनकी दूसरी पत्नी या प्रेमिका नहीं हैं, बल्कि उनके व्यावसायिक कार्यों से जुड़ी सहयोगी हैं और पेट्रोल पंप के संचालन का प्रबंधन संभालती हैं। उन्होंने कहा कि दोनों के संबंधों को लेकर जो चर्चाएं चल रही हैं, वे तथ्यों पर आधारित नहीं हैं। घटना के संबंध में बाबा राजा का आरोप है कि विवाद के दौरान उनकी पत्नी योगिता सिंह, साले नागेंद्र सिंह राठौर और ससुराल पक्ष के अन्य लोगों ने उनके साथ मारपीट की। उनके अनुसार धक्का-मुक्की के दौरान उनका चश्मा टूट गया और उन्हें चोटें भी आईं। उन्होंने दावा किया कि तनावपूर्ण स्थिति में जब उन पर हमला किया जा रहा था, तब सुनीता सिंह ने आत्मरक्षा के उद्देश्य से दीवार की ओर फायर किया था। बाबा राजा के मुताबिक गोली दीवार से टकराकर दिशा बदल गई और योगिता सिंह को लग गई। उनका कहना है कि किसी को नुकसान पहुंचाने या जान लेने का इरादा नहीं था।

मामले में पारिवारिक और संपत्ति विवाद की भी चर्चा सामने आई है। बाबा राजा ने बताया कि उन्होंने वैवाहिक संबंधों को बनाए रखने के लिए अदालत में दांपत्य अधिकारों की पुनर्स्थापना संबंधी याचिका दायर कर रखी है। उन्होंने पैतृक संपत्ति को लेकर मतभेदों को भी विवाद का एक प्रमुख कारण बताया। इस बीच पुलिस ने बाबा राजा की शिकायत के आधार पर नागेंद्र सिंह सहित तीन लोगों के खिलाफ मारपीट और धमकी से जुड़ी धाराओं में क्रॉस एफआईआर दर्ज की है। वहीं फायरिंग की आरोपी बताई जा रही सुनीता परिहार को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले की जांच जारी है। घटना के वास्तविक कारणों और परिस्थितियों का निर्धारण फोरेंसिक रिपोर्ट, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर किया जाएगा।

# डेरिंग और डैशिंग वाले हों पूज्य सिंधी पंचायत के पदाधिकारीः जसवानी



**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** सिंधी सेंट्रल पंचायत के महासचिव सुरेश जसवानी ने कहा कि समाज की समस्याओं के मजबूत निराकरण के लिए पंचायत पदाधिकारियों में 'डेरिंग और डैशिंग' होना जरूरी है, ताकि नेता खुद उनके पास आएं। उन्होंने बताया कि 1988 से कार्यरत पूज्य सिंधी पंचायत ने विश्रामघाट पर श्रद्धांजलि और पगड़ी रस्म के दौरान सराहनीय व्यवस्थाएं कर रही है।

जसवानी ने प्रमुख मुद्दे उठाते हुए कहा कि आजादी के 79 वर्षों बाद भी सिंधी विस्थापित परिवारों को प्रॉपर्टी का मालिकाना हक नहीं मिला है। वन ट्री हिल्स के 500 विस्थापितों की 2018 में खत्म हुई लीज का नवीनीकरण बेहद जरूरी है। संघर्ष कर भारत आए इन परिवारों को आगामी 50 वर्षों तक प्रॉपर्टी टैक्स से छूट मिलनी चाहिए। भौगोलिक सीमाओं के कारण नगर निगम को यहाँ 10 मंजिला बहुमंजिला निर्माण की विशेष अनुमति देनी चाहिए। साथ ही, जर्जर सड़कों, अतिक्रमण और अस्त-व्यस्त यातायात से जनता को मुक्ति दिलाना आवश्यक है।

पंचायत की उपलब्धियों पर उन्होंने बताया कि पूर्व में विश्रामघाट व सड़क विकास के लिए करोड़ों की राशि स्वीकृत कराई गई। सांसद शंकर लालवानी के नेतृत्व में रेल मंत्री से मिलकर बैरागढ़ स्टेशन का नाम 'संत हिरदाराम नगर' करवाया, इसे भोपाल रेल मंडल में शामिल कराया और ?25 करोड़ की अमृत भारत योजना से इसका कायाकल्प करवाया। अब अगला लक्ष्य यहाँ 9 प्रमुख ट्रेनों का स्टॉपेज कराना है।

### जल संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन का लिया संकल्प

जल संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन के संकल्प के साथ रविवार को जल गंगा संवर्धन मिशन के 14वें दिन जनजागरण अभियान आयोजित किया गया। प्रकृति और जल स्रोतों के संरक्षण के प्रति समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से बड़ी संख्या में नागरिकों ने सहभागिता कर अपने दायित्व का परिचय दिया। इस अवसर पर सिन्धी मेला समिति के मुख्य संरक्षक एवं विधायक, महापौर मालती राय, ननि डॉ. प्रिया भावे चित्तावार एवं सिन्धी मेला समिति के अध्यक्ष मनीष दरयाना सहित अन्य साथीगण उपस्थित रहे।

## मप्र में बनेगी प्रीमियम एज्ड शराब

**नप्र, भोपालः** मध्यप्रदेश सरकार ने शराब उद्योग को नई दिशा देने की पहल करते हुए 'मध्यप्रदेश स्प्रिट परिपक्वन नियम, 2026' लागू कर दिए हैं। नई नीति के तहत अब प्रदेश में भी फ्रांस, स्कॉटलैंड, स्पेन, इटली और अमेरिका की तर्ज पर लकड़ी के बैरल में वर्षों तक परिपक्व की जाने वाली प्रीमियम एज्ड स्पिरिट तैयार की जा सकेगी। आबकारी विभाग ने इसके लिए विशेष लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। नई व्यवस्था के तहत डिस्टिलेशन के बाद स्पिरिट को विशेष लकड़ी के बैरल में निर्धारित अवधि तक रखा जाएगा। इस प्रक्रिया के दौरान लकड़ी के प्राकृतिक तत्व शराब में घुलकर उसके रंग, स्वाद और सुगंध को विकसित करेंगे। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्कॉटिश व्हिस्की, फ्रेंच कॉन्यैक और कई प्रीमियम वाइन इसी तकनीक से तैयार की जाती हैं। आबकारी विभाग ने पहली बार बैरल निर्माण और परिपक्वन प्रक्रिया के लिए स्पष्ट तकनीकी मानक निर्धारित किए हैं। नियमों के अनुसार स्पिरिट को केवल ओक, सागौन और साल की लकड़ी से बने बैरल में ही रखा जा सकेगा। किसी भी बैरल की क्षमता 700 बल्क लीटर से अधिक नहीं होगी। प्रत्येक बैरल पर भराई की तिथि, क्षमता, स्पिरिट का प्रकार और संभावित परिपक्वता अवधि का उल्लेख अनिवार्य रहेगा। परिपक्वन प्रक्रिया की शुद्धता बनाए रखने के लिए वेयरहाउस में ब्लेंडिंग, फ्लेवरिंग, रंग परिवर्तन और बॉटलिंग जैसी गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया गया है। ये सभी कार्य केवल अधिकृत बॉटलिंग रूम में ही किए जा सकेंगे। इससे उत्पाद की गुणवत्ता और ट्रेसबिलिटी सुनिश्चित की जा सकेगी। सरकार ने सुरक्षा व्यवस्था को भी प्राथमिकता दी है। वेयरहाउस राष्ट्रीय भवन संहिता और अग्नि सुरक्षा मानकों के अनुरूप विकसित किए जाएंगे।

# पूज्य सिंधी पंचायत चुनाव : दो पैनलों के बीच मुकाबला

## 23 फार्म जमा हुए, 17 जून तक नाम वापसी, 21 को होगा मतदान



**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** पूज्य सिंधी पंचायत, संतनगर के 21 जून को होने वाले त्रिवार्षिक चुनाव के लिए 23 उम्मीदवारों ने नामांकन जमा किए हैं, 15 जून 2026 को प्रातः 11:00 बजे प्रत्याशियों की सूची सूचना पटल पर चस्पा की जाएगी। 17 जून को प्रातः 12:00 बजे तक वापस लिए जा सकेंगे।

चुनाव अधिकारी बसंत चेलानी ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए माधु चांदवानी एवं राजकुमार मनवानी ने नामांकन जमा किया है।

उपाध्यक्ष पद के लिए ओमप्रकाश साबूमल रीझवानी, गुलाब जेठानी, जगदीश आसवानी, भरत आसवानी, कमलेश देवानी, सचिव पद के लिए प्रकाश वीधानी, जगदीश खेराजानी, जेठानंद मंगतानी, हरीश मेहरचंदानी, सह-सचिव पद के लिए रूपचंद सोनी, कैलाश आसवानी, माधवदास पारदासानी, किशोर साधवानी, कोषाध्यक्ष पद के लिए राकेश शेवानी, गुरुदास रामचंदानी, सह-कोषाध्यक्ष पद के लिए रवि नारायण सतानी, अमित राजानी, अडिटर पद के लिए पुरूषोत्तम हरचंदानी, राजेश पेसवानी ने फार्म जमा किया।

# सिंधी मेला समिति ने तय किए आगामी कार्यक्रम



**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** सिन्धी मेला समिति के आगामी आयोजनों की तैयारियों को लेकर समिति कीं वशेष बैठक रविवार को हुई, जिसमें समिति सदस्यों के मार्गदर्शन के लिए समिति के संरक्षक एवं विधायक भगवानदास सबनानी विशेष रूप से शामिल हुए।

बैठक में समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी ने कहा कि समिति के आयोजनों को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने के लिए सदैव की तरह आपकी ऊर्जा, अनुभव और समर्पण की आवश्यकता रहती है, दरयानी ने बताया कि आगामी 10, 11 एवं 12 जुलाई को संभागीय कुकिंग प्रतियोगिता एवं 26 जुलाई को पुरस्कार वितरण समारोह एवं 9 अगस्त को प्रांतीय प्रतिभा सम्मान कार्यक्रमों की रूपरेखा, जिम्मेदारियों के बंटवारे और जनभागीदारी पर विस्तार से चर्चा की गई ताकि आयोजन को व्यवस्थित और सफल बनाया जा सके। इस बैठक में विशेष रूप से के.एल.दलवानी, नरेश तलरेजा, महेश बजाज, राम आसुदानी, बंटी गोगिया, सुनील मँगवानी, सीमा सबनानी, सरला दलवानी, शकुन देवराख्यानी, किरण वधवानी, बंटी गोगिया, भावना जगवानी, दीपांशी सबनानी सहित सकड़ो की संख्या में मेला समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में महिलाए मौजूद रही।